**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राज्यपाल ने किया मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा का अनावरण

जयपुर/माउंट आबू, 14 जून । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने माउंट आबू स्थित मेजर शैतान सिंह पार्क में बुधवार को मरणोपरांत परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया।

श्री मिश्र ने मेजर शैतान सिंह की वीरता, साहस और देश के लिए किए बलिदान को स्मरण करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आहवान किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्री जीतू राणा भी उपस्थित रहे।

-----

## राज्यपाल ने श्री रघुनाथ जी मंदिर में दर्शन किए

जयपुर/माउंट आबू, 14 जून । राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को माउंट आबू में नक्की झील के किनारे सर्वेश्वर श्री रघुनाथ जी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने श्री रघुनाथ मंदिर में स्थापित भगवान की छवि को दिव्य, अलौकिक बताया।

राज्यपाल ने रघुनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों की सुख- समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

बाद में, राज्यपाल श्री मिश्र ने मंदिर पुजारी से धर्म-अध्यात्म पर चर्चा- विमर्श भी किया।

----

## राज्यपाल श्री मिश्र गुरुवार को माउंट आबू से जयपुर रवाना होंगे

जयपुर/माउंट आबू, 14 जून । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गुरुवार को माउंट आबू से जयपुर रवाना होंगे। राज्यपाल श्री मिश्र प्रातः 11:45 बजे सड़क मार्ग द्वारा माउंट आबू राजभवन से रवाना हो कर आबू रोड रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां से वे ट्रेन द्वारा दोपहर एक बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

----